वृन्दावन: यमुना में डूबने से दो युवकों की मौत

मथुरा। थाना कोतवाली वृन्दावन इलाके में यमुना में डूबने से २ युवकों की मौत हो गयी । हादसा उस समय हुआ जब २० से २२ साल के दोनों युवक यमुना स्नान कर रहे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे । युवकों को डूबता देख गोताखोरों ने यमुना में छलांग लगाई लेकिन जब तक वह दोनों युवकों को यमुना से बाहर निकालते तब तक दोनों की मौत हो गयी। वृन्दावन के बिहार घाट पर यमुना में नाव और स्टीमर से तलाश करते यह लोग है स्थानीय नाविक गोताखोर। यह लोग यमुना में डूबे दो यवकों की तलाश कर रहे है। बुधवार की दोपहर को यमुना किनारे खड़े लोगों ने देखा कि दो युवक यमुना में डूब रहे है । युवकों को डूबते देख लोगों ने शोर मचाया । शोर सुनकर नाविक गोताखोर यमुना में छलांग लगाने लग गए और शुरू कर दी डूबे हुए युवकों की तलाश । जब काफी देर तक उन्हें सफलता नहीं मिली तो उन्होंने नाव और स्टीमर का सहारा लिया । और यमुना में डालने लगे लोहे के काँटे। काफी देर मशक्कत करने के बाद एक युवक काँटे में फंस गया। जिसे बाहर निकाला गया। गोताखोर राम खिलाड़ी एक युवक के मिलने के बाद फिर शुरू हुई दुसरे युवक की तलाश। कुछ देर बाद गोताखोरों ने दूसरे युवक को भी तलाश लिया और उसे यमुना से बाहर निकाला। इसी बीच सूचना पा कर पुलिस भी मौके पर पहुँच गयी और आनन फानन में दोनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया । जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अधिक मास की अमावस्या के चलते बड़ी संख्या में श्रद्वालु वृन्दावन आये हुए है। इनमे से कुछ एशे है जो यमुना स्नान के लिए भी यमुना घाटों पर पहुँचे। माना जा रहा है कि यह दोनों युवक भी कहीं से वृन्दावन आये थे और यमुना स्नान के दौरान गहरे पानी मे जाने से डूब गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में ले लिया है और इनकी पहचान कराने की को. शिश कर रही है। वही इस मामले पर एसपी देहात आदित्य शुक्ला ने बताया की वृन्दावन कोतवाली क्षेत्र में यमुना में दो युवक डूब गए। यहाँ अभी तक पता नहीं चला पाया है की कहाँ के युवक है और किस कारण से ये यहाँ आये जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

लिफ्ट मांगने पर दवंगों ने फोजी सहित दो को किया घायल

मथुरा। जनपद के थाना राया क्षेत्र गांव मनी के वास में एक फौजी को सड़क पर मणिकावास गांव के दबंग लोग रास्ते मे ड्रिंक कर रहे थे और रास्ता मांगने पर

रास्ता मांगना इतना भारी पड़ गया कि मनी का वास गांव के ही कुछ नामजद लोगो ने हमला कर दिया जिसमे दो लोग गभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए हास्पिटल में भर्ती कराया। मामला मथुरा के थाना राया इलाके के गांव मनी का वास इलाके का है, जहा प्रशांत फौजी पर मनी का वास गांव के कुछ नामजद लोगो ने रास्ता मांगने पर जानलेवा हमला करदिया, हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज हास्पिटल में चल रहा है, दरसल फौजी और उसका भाई विसावली गांव से एक कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी बहा रास्ते मे कुछ फौजी प्रशांत को नामजद लोगो ने रास्ते मे घेर लिया जिसकी जमकर लाठी डंडे और तमंचे की वट से हमला कर दिया जिसमें फौजी और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया १०० न कि सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने घायलों को हास्पिटल में भर्ती कराया दिया जहा उनका इलाज चल रहा है फौजी अहमद नगर में डयूटी पर तैनात है जो कि छुटी लेकर अपने गांव कुड़बड़ा में आए थे फिलहाल घायलों का इलाज हास्पिटल में चल रहा है और पुलिस ने मामला दर्ज करलिया और आरोपियों की तलाश कर रही है।

150 दिन में 75000 जरूरतमंदों को कराया फ्री भोजन-विजयानंद

मथुरा। जनपद में १० किलोमीटर लंबे तिरंगे यात्रा निकालने वाले श्रीसिद्व शनि मंदिर सेवा न्यास मुड़ेसी प्रमुख स्वामी विजयानंद सरस्वती ने पत्रकारों को बताया कि १२ जनवरी १८ को शुरू हुई भोजन बैंक की ओर से पांच महीने में लगभग ७५००० जरूरतमंदों को नि:शुल्क भोजन कराया जा चुका है। इस अभियान के मथुरा में १२ माह पूरे होने पर गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में भी भोजन सेवा शुरू की जाएगी। स्वामी सरस्वती का कहना था कि शनिधाम सेवक गांव समसपुर, मुड़ेसी, लाजपतनगर, कालौनियों में भोजन एकत्र करते हैं। आवश्यक भोजन सामग्री धाम में स्थित रसोई में तैयार कर रात्रि ७.३० बजे से रेलवे जंक्शन पर पहुंचकर जरूरतम. दों को बांटते हैं। भोजन बनाने में महिलाएं भी योगदान करतीं हैं। गोवर्धन में प्रतिदिन अन्न सेवा करने के लिए न्यास सदस्य संकल्प ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि भोजन बैंक सेवा में धर्मेंद्र गर्ग, बालाजी दर्शन सेवा समिति, शिवचरन जिंदल, गंगा प्रसाद, कृष्ण मुरारी दीक्षित, जगदीश बंसल, भदौरिया ग्रुप आफ इंस्टीटयूट, भीकचंद्र, कृष्णा प्रमुख सहयोगी हैं। नरहौली स्थित कृष्णा मैरिज होम में हुई वार्ता के समय लक्ष्मण कटारा, सत्यवीर भगत, राहुल कुशवाहा, चकलेश्वर कटारा, मानस मिश्रा, अनिल गुप्ता, परमाल आदि मौजूद थे।

राज्य कर्मचारियों ने दी आन्दोलन की धमकी

मथुरा। अखिल भारतीय सरक. ारी राज्य कर्मचारी महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा आज विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रदेश के कर्मचारियों पर राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू न करके पुरानी चली आ रही पेंशन अवस्था को भी लागू किया जाए और सरकारी सेवाओं में संविदा एवं आउटसोर्सिंग आदि व्यवस्थाओं को समाप्त कर नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति की जाने को लेकर ज्ञापन दिया और अपनी मांग प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखे। इस दौरान उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी माधव शरण अग्रवाल का कहना था सरकार पुरानी पेंशन को राज्य कर्मचारियों के हित में बहाल करें जिससे उनके परिवार का गुजारा बली बात हो जाए उनका कहना कि राष्ट्रीय संगठन के नेतृत्व और निर्देशन में सरकारों को चेतावनी भी दी गई है यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी

फरह में २२ विद्युत चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

मथुरा। थाना फरह क्षेत्र अंतर्गत आज विद्युत विभाग ने व्यापारी मौहल्ला, चटसाल और सारस्वत, पाड़ा में विद्युत चोरी रोकने की सघन चौकिंग अभियान सुबह चार बजे से ८ बजे तक चलाया। इसमें कस्बे निवासी महेशचंद, बाबूलाल, सपना, सलीम, तोही, गफार, भूरा, मुकेश कुमार, मुरारी, उसनाज, सोनू शर्मा, दिनेश कुमार, मीना बेगम, पिस्ता, मनीषा, प्रियंका, उर्मिला, आशुतोष मथू ललता और रीना कुल २२ के खिलाफ थाना फरह में विद्युत चोरी का मुकद्मा दर्ज किया गया है। चैकिंग टीम में फरह अवर अभियंता अजीत सिंह, अधिशासी अभियंता एसआर भास्कर, बलदेव अधिशासी अभियंता एके सिंह, जेई सतीश चन्द्र साईट बी जेई धरुव साहू के साथ अन्य कर्मी मय पुलिस फोर्स के मौजूद रहे।

रालोद ने किसान समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

मथुरा। राष्ट्रीय लोकदल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष कु. नलरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला और महाम. हिम राज्यपाल के नाम प्रदेश के गन्ना व आजलू किसानों की समस्याओं को लेकर पॉच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे महाम. हिम राज्यपाल से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान तुरन्त कराने, गन्ना मूल्य वकाया राशि पर ब्याज का भुगतान कराने, व निजि हाथों में बेची गई गन्ना मिलों को सरकार द्वारा अपने कब्जें में ले, केन्द्र सरकारि द्वारा आलू पर आयात शुल्क बढ़ाकर २० प्रतिकिलो ग्राम किये जानें तथा आलू निर्यात बके लिए प्रत्सोहन दिये जाने तथा विगत वर्ष घोषित परिवहन भाड़ा अनुदान की राशि को किसानों में वितरित कराने, व उसकी राशि में गोल माल की सक्षम एजेन्सी से जॉच कराने की मॉग की हैं। ज्ञापन देने वालों में लोकसभा प्रभारी पूर्व विद्यायक डा. अजय पाल तौमर, जयवीर सिंह, योगेन्द्र सिंह छोंकर, सो. हनलाल वाल्मीकि, मुकेश प्रधान, दिलीप चौधरी, हरवीर चौधरी, रोहित प्रताप, चौं० सुरेश, आदि थे।

गुरूशरणानन्द महाराज ने किया आर्दश संस्कारशाला का लोकार्पण

मथुरा। आर्दश युवा समिति मथुरा द्वारा आर्दश संस्कारशाला का लोकार्पण परम सन्त कारूर्ष्ण गुरू शरणानन्द महाराज ने किया। इस अवसर पर महाराजश्री ने समिति द्वारा शिक्षा व वाल कल्याण हित में चलाई जा रही आर्दश संस्कार शाला पर अपनी सद्भावना व्यक्त करते हुए अशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उक्त योजना के माध्यम से ग्रामीण व पिछड़ें क्षेत्र में पढ़नें वाले विद्यार्थियों व विद्या से वंचित बच्चों को शिक्षा की संकरात्मक धारा से जोड़नें का मौका मिलेगा। इस अवसर पर परियोजन समन्वयक अतुल उपाध्याय ने बताया कि आर्दश संस्कारशाला के माध्यम से बच्चों को नकारात्मक सोच एवं प्रभावों से दूर करने के साथ साथ शिक्षित करने में मदद मिलेगी। उपनिदेशक डा. धन्जय तिवारी ने बताया कि इस परियोजना के अन्तर्गत शिक्षा और संस्कार के साथ साथ विशेष कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को उनकी स्मरण शक्ति सुधार, लेखनी सुधार, केरियर परामर्श व विधिक परामर्श की सुविधाए भी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर दीपक गोस्वामी, उमाशंकर शर्मा, मोहन स्वरूप सक्सैना, प्रमोद अग्रवाल, जगदीश वर्मा, एमएम अग्रवाल, ललिनत अग्रवाल, श्रभीमती सुमन विशेष रूप से उपस्थित थे।

ठाकुर श्रीलक्ष्मी नारायण भगवान को नौका विहार कराया

मथुरा। परषोत्तम मास के अंतर्गत आज अंतिम दिन लाल दरवाजा स्थित बाटी वाली कुंज में विराजमान ठाकुर लक्ष्मी नारायण मंदिर में बाहर से पधारे शिष्यों द्वारा भव्य फूल बंगला सजाया गया ठाकुर श्री लक्ष्मी नारायण भगवान को नौका विहार कराया गया मंदिर से सि) पीठ दक्षिण मुखी हनुमान पर भी ूल बंगला सजाया गया और वहां के भक्तों द्वारा संगीत में सुंदरकांड पाठ सुनाया गया भद्रों ने बड़ी संख्या में भगवान के उत्सव का दर्शन लाभ उठाया सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बड़ी संख्या में सुंदरकांड पाठ में भाग लिया। इस अवसर पर टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महामंत्री आशीष लवानिया एवं कोषाध्यक्ष आशीष शर्मा का दुशाला एवं चित्रपट देकर सम्मान किया गया। मंदिर मनोरथ में मुख्य रूप से अजय शर्मा नीरज शर्मा विजय उपाध्याय बृजेंद्र गोस्वामी तनुजा शर्मा उदिता शर्मा सुचिशर्मा प्रिया शर्मा पंकज शर्मा श्याम शर्मा भारत शर्मा संस्थान अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा, सन्तोष शर्मा एडवोकेट, खेमचंद शर्मा, एडवोकेट के सी गौड़ एडवोकेट दिवाकर आचार्य सुधाकर आचार्य कृष्णमुरारी दीक्षित देवकिशन शर्मा अभिषेक गौड़ जयेश आचार्य वैभव शर्मा संस्थान सचिव नारायण प्रसाद शर्मा आदि प्रमुख रूप से व्यवस्था बनाने में सहयोग में रहे।

तीन दिन पूर्व हुई लाखों की चोरी: सामान के साथ चार गिरफ्तारी

मथुरा। तीन दिन पूर्व गोदाम में हुई लाखों की चोरी के मामले में चार युवकों को चैकिंग के दौरान बीतीरात पुलिस ने पकड़ लिया है। इनके पास से चोरी किया हुआ माल बरामद हुआ है। विदित रहे कि १० जून को नवीन कुमार पुत्र स्व. इन्द्रसेन अग्रवाल निवासी भरतपुरिया पेंच थाना कोस. ीकलां के गोदाम पर लाखों रूपए मूल्य के स्पेयर पार्ट्स अज्ञात चोर चुरा ले गए थे। कोसी थाना प्रभारी अमित कुमार द्वारा टीम के साथ शालीमार बाग के करीब बीतीरात चौकिंग कर रहे थे कि आधा दर्जन युवक पुलिस को संदिग्ध नजर आए पुलिस के रोकने पर यह भागने लगे तो पुलिस ने पीछा कर चार युवकों को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में इन्होंने अपने नाम आरिफ पुत्र वकील, आमिर पुत्र आजाद, रफीक पुत्र इत्तन, निवासी ग्राम दौताना थाना कोसीकलां, जुगली पुत्र फतैह निवासी ग्राम दहगांव थाना कोसी बताया। जबकि दो युवक भागने में सफल रहे। भागे गए युवक उदय पुत्र इंद्रजीत व दाताराम पुत्र तेजपाल निवास. ीगण बदनगढ़ थाना बरसाना है। पुलिस ने इनके पास से कंपाइन थ्रेशर मशीन से संबंधित स्पेयर पार्ट्स भिन्न-भिन्न प्रकार के जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रूपए बरामद किए है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों ने बताया क यह सामान अपने साथी उदय पुत्र इन्द्रजीत व दाताराम पुत्र तेजपाल निवासी बदनगढ़ थाना बरसाना के साथ मिलकर नवीन कुमार के गोदाम से चोरी किए गए थे। नवीन कुमार के यहां रफीक गार्ड की नौकरी करता है, उसने ने गोदाम की डुप्लीकेट चाबी बनवाकर अपने साथियों को बुलाकर गोदाम से चोरी करवाई थी।

बरसाना पुलिस ने दबोचे अंतर्राज्यीय वाहन चोर एवं टटलू गैंग के चार बदमाश

तीन चोरी की बाइक सहित टटलूबाजी में लूटे डेढ़ रूपए हुए बरामद

मथुरा। थाना बरसाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर एवं टटलू गैंग के चार शातिर बदमाशों को बीतीरात चैकिंग के दौरान हाथिया की ओर से आते दो बाइकों पर सवार को रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने इन्हें दबोच लिया, इनके कब्जे से करीब डेढ़ लाख रूपया तीन बाइकें, तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं। इन शातिरों में एक पूर्व में नूंह हरियाणा पुलिस कस्टडी से फरार भी शामिल है। पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी देहात आदित्य शुक्ला ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक बरसाना सुनील कुमार तोमर बीतीरात अपने हमराहों के साथ चैकिंग अभियान में तैनात थे कि हाथिया चौराहा गोवर्धन बरसाना रोड से अपराध करने के लिए आते हुए अभियुक्तो को हाथिया चौराहे व नगला इमाम खाँ तिराहे पर रोका तो अभियुक्तगणों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया जिससे पुलिस पार्टी बाल बाल बची पुलिस पार्टी ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए उनका पीछा कर अभियुक्त गणों को गोवर्धन बरसाना रोड हाथिया चौराहे के पास चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात आदित्य शुक्ला ने बताया ये अंतर्राज्यीय वाहन चोर एवं टटलू गैंग के शातिरों ने अपनी शिनाख्त अंसार पुत्र नवाब नि० इलियास नगर ग्राम हाथिया थाना बरसाना, निसार पुत्र हाजी तैय्यब, आसिक पुत्र जमालुद्दीनमेव, राशिद पुत्र अब्दुल करीममेव बताया। इनके पास से चार तमंचे, जिन्दा कारतूस सहित तीन बाइकें बरामद हुई है। इनके खिलाफ थाना बरसाना एवं कोसी में अभियोग पंजीकृत है। बदमाशों ने पूछताछ में दिल्ली, हरियाणा व यूपी में वाहन चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार करने क साथ डेढ़ माह पूर्व कोसी में टटलू काटने की घटना को भी स्वीकार किया। इनके पास से गोरखपुर की पार्टी से लूटे गए एक लाख ४८ हजार रूपए व एमआई फोन तथा सोने की चैन आदि भी बरामद हुए हैं। डेढ़ माह पूर्व कुख्यात आसिक हरियाणा के नंहू थाने में पकड़ा गया था, वह वहां के पुलिस कर्मियों को चकमा देकर थाने में बनी बैरक की किवाड़ों को तोड़कर फरार हो गया था। इतना ही नहीं दिल्ली की पुलिस का आमना सामना हाथिया गांव में भी हो गया था तब भी दिल्ली पुलिस के द्वारा उससे उसके ही नाम से पूछने पर उनको अपने ही घर का इशारा कर हाथिया से फरार हो गया था।

अधिक मास में के अन्तिम पडाव पर श्रद्वालुओं का सैलाव उमड़ा

गोवर्धन। गिरिराज महाराज की तलहटी में पुण्य एवं मोक्ष की कामना से लगे तीस दिवसीय अधिाक मास मेला समापन बुधवार को हुआ। मेला में लाखों श्रद्वालुओं ने गिरिराज जी की परिक्रमा व लेटकर दंडवती लगाई। अधिक मास मेला के समापन पर पूर्व संध्या ही श्रद्वालुओं का उमड़ता रहा और रात्रि में बुधवार की सुबह तक रिकॉर्डतोड़ भीड़ रही। अधिक मास मई व जून महीना में होने के कारण खूब गर्मी रही। लेकिन श्रद्वालुओं ने गर्मी की परवाह न करते हुए परिक्रमा लगाई। जगह-जगह हुए भंडारों व भागवत कथाओं में भक्तों ने पुण्य कमाया। गिरिराज जी के मंदिरों में शाम के समय फूल बंगला व छप्पन भोग के दर्शन हुए। अधिक मास मेला १६ मई से शुरू हुआ और १३ जून अमावस को इसका विधिवत समापन हुआ। अधिक मास मेला में करीब तीन दिन तक अनगिनत श्रद्वालु पहुंचे। रोजाना परिक्रमा करने वाले श्रद्वालुओं का आंकलन लाखों में रहा। भक्तों ने कई-कई गिरिराज जी की परिक्रमा लगाई। गिरिराज महाराज तलहटी के गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर मानसी गंगा, मंदिर दानघाटी, गिरिराज मुखारविंद जतीपुरा, लक्ष्मी नारायण मंदिर, गिर्राज संत सेवाश्रम, राधासर्वेश्वर पीठ, सुंदर धाम आश्रम के अलावा आन्यौर, पूंछरी, जतीपुरा आदि पर खूब रौनक रही।

छप्पन भोग, फूल बंगला व भजन संध्या में थिरके जायन्ट्स

मथुरा। जायन्ट्स ग्रुप आफॅ मथुरा ने गरुण गोविन्द मन्दिर (छटीकरा) पर पंकज गोयल की अध्यक्षता में अधिक मास में आध्यात्मिक प्रयोजन कर भक्तिरस का आनंद लिया। प्रभु का अद्वितीय श्रृंगार कर फूल बंगला सजाया गया व छप्पन भोग लगाये गये। भजन संध्या में एम.एस. ईवेंट के कलाकार मनोज शर्मा ने ''मैंने बांधा लिया प्रेम वाला कंगना, आओ-आओ हरि मेरे अंगना'' व सुभाशीष बोस ने ''किशोरी कुछ ऐसा इन्तजाम हो जाये'' आदि भजनों व गीतों की प्रस्तुतियों से प्रभु को रिझाया तो भक्ति में लीन जायन्ट्स सदस्य-सदस्याऐं मन्दिर प्रांगण में नृत्य कर झूम उठे। कोरस स्वर शिवा व गोपाल ब्रजवासी ने दिये। सुमित शर्मा ने (ऑक्टोपैड), लकी मीर ने (की-बोर्ड) व भोलू भाई ने (ढोलक) पर संगत दी। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ व प्रसाद वितरण किया गया। अन्त में डी०ओ०ए० जा० अंशुल गर्ग ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रथम महिला निशा गोयल, उपाध्यक्ष मनीष-सुमन गोयल व सुभाष-सुशील चौधरी, डी०ओ०ए० अंशुल-श्वेता अग्रवाल, वित्त निदेशक नितेश-मोहिनी खण्डेलवाल, निवर्तमान अध्यक्ष उमेश-सरिता जुगसना, पूर्व अध्यक्ष आशुतोष-कल्पना गर्ग, यादवेन्द्र-अंजना अग्रवाल, भूपेन्द्र-चारू अग्रवाल, संजय-शालिनी अग्रवाल, दिनेश-रश्मि अग्रवाल, दाऊदयाल-मनीषा अग्रवाल, पंकज-शिप्रा मित्तल, शशिकान्त-ममता जिंदल, निवर्तमान डी०ओ०ए० केवलराम -कविता चंदानी, पूनम-अमित गुप्ता, सजनी-संजय कुमार, सीमा-पियूष जैन, मोनिका-अनूप अग्रवाल, रीता -ललित खण्डेलवाल, प्रीति-हरि अग्रवाल, पूनम-विनय अग्रवाल, दीपा- संजीव राठी, नेहा-प्रवीन मित्तल, अंशू -गोपाल अग्रवाल, रेनू-अनिल अग्रवाल, सरिता-डॉ. राकेश गुप्ता, सुषमा-योगेन्द्र शर्मा, अतुलकृष्ण अग्रवाल, परेश मित्तल, अनिल खण्डेलवाल, गिरीश अग्रवाल व अभिषेक गर्ग सी.ए. आदि थे।

जीवन का सर्वश्रेष्ठ तत्व ही आपसी प्रेम और मानव सेवा है:- संत दास

गोवर्धन। अधिक मास मेला में श्रद्वालुओं की सेवा के लिए लगे गिरिराज जी सेवा शिविर का समाापन बुधवार को संत-विद्वत सम्मेलन एवं भक्तों के सम्मान के साथ हुआ। सेवा शिविर मंहत राघव दास महाराज के सानिध्य में लगाया गया। सम्मान समारोह एवं संत विद्वत सम्मेलन में महंत संत दास महाराज चित्रकूट वालों ने बताया कि श्रद्वा व समर्पण भावों से युक्त प्रेम ही सात्विक होता है। प्रेम तो एक बीज है। ईश्वर का नाम रूपी बीज जब जीव के अंदर अंकुरित होता है तो सद्गुरूदेव भगवान की प्राप्ति होती है। जीवन का सर्वश्रेष्ठ तत्व ही आपसी प्रेम और मानव सेवा है। प्रेम और सेवा के भाव में एक माह तक गिरिराज जी की तलहटी में रहकर लाखों श्रद्वालुओं की सेवा करने वाले ईश्वर के सच्चे .पात्र हैं। ये जीवन के आंनद का उत्सव है। संत एवं सेवाभावी भक्तों के सम्मान में आचार्य अनिरूद्व त्रिपाठी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ी संसार में कोई साधाना नहीं है। यह भाव गुरू सेवा से मिलता है। जिस पर संत और गुरूओं की कृपा हो जाये तो उसकी नैया पार हो जाती है। सेवा शि. विर में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों से आये भक्तों परिक्रमा करने वाले श्रद्वालुओं के अनेक प्रकार की सेवाएं दी। सेवा शिविर में तीस दिन तक २४ घंटे प्याऊ, भंडारे व प्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर संत बाबा चित्रकूट वाले, आचार्य अनिरूद्व त्रिपाठी, अर्जुन पुजारी, राम दास, जगदेश्वर दास, पवन शर्मा, श्याम सिंह, सभासद मोंनू ठाकुर, नर्वदा दास आदि थे।